# वित्त मंत्री ने किया बजट-पूर्व विचार विमर्श

## बजट 2026-27 पर मंथन : निर्मला सीतारमण ने विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली, 10 नवबंर. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत कर दी. इस क्रम में उन्होंने देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली पूर्व-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की, जो नई दिल्ली स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हुई.**

बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. इस परामर्श में विकास की रणनीतियों, राजकोषीय स्थिरता, निवेश वृद्धि और सामाजिक क्षेत्र की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श हुआ. वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि यह बैठक पूर्व-बजट चर्चाओं की श्रृंखला की शुरुआत है. आगामी दिनों में वित्त मंत्री कृषिविदों, उद्योग संघों, ट्रेड यूनियनों, सामाजिक संगठनों और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगी. यह प्रक्रिया 1 फरवरी 2026 को संसद में बजट पेश होने तक जारी रहेगी. भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की दिशा तय करने के लिए परामर्श प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है. सोमवार को हुई इस पहली बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के शीर्ष अर्थशास्त्रियों के साथ व्यापक चर्चा की. बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बजट को अधिक समावेशी, व्यावहारिक और भविष्यमुखी बनाना है.

बैठक में विकास दर बनाए रखने, मुद्रास्फीति नियंत्रण, और राजकोषीय अनुशासन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर फोकस रहा.



वित्त मंत्रालय के अनुसार, ये परामर्श बैठकें आगामी बजट के लिए नीति निर्माण का आधार बनती हैं. दिन में दूसरी बैठक कृषिविदों और किसान संगठनों के साथ हुई, जिसमें कृषि उत्पादकता, जलवायु अनुकूल खेती और ग्रामीण आय में वृद्धि से जुड़े सुझावों पर चर्चा की गई. उद्योग जगत भी सक्रिय है — अपने ज्ञापन वित्त मंत्रालय को सौंपते हुए प्रत्यक्ष कर सुधार, निवेश प्रोत्साहन और उत्पादन लागत घटाने की दिशा में कदम उठाने का अनुरोध किया है.

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक को दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड 804 करोड़ का राजस्व

**नयी दिल्ली, 10 नवंबर.** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड 804 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया है जो एक साल पहले की तुलना में 19.4 प्रतिशत अधिक है. कंपनी ने जारी तिमाही परिणामों में बताया कि उसका परिचालन लाभ सालाना आधार पर 17.4 प्रतिशत बढ़कर 89.3 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 11.8 करोड़ रुपये रहा. बैंक का ग्रॉस मर्चेंडाई वैल्यू बढ़कर 4,560 अरब रुपये हो गई. देश के तीसरे सबसे बड़ा मोबाइल बैंक एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुब्रत बिस्वास ने कहा, हमारे निरंतर विकास से हमारे डिजिटल-फर्स्ट मॉडल की शक्ति और हमारे ऊपर ग्राहकों का गहरा विश्वास प्रदर्शित होता है.

# शैलेश होंगे वाहन निर्माता कंपनियों के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली, 10 नवंबर. भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा को ओआईसीए का नया अध्यक्ष चुना गया है. ओआईसीए वाहन निर्माता कंपनियों का अंतराष्ट्रीय संगठन है. श्री चंद्रा इसके पहले भारतीय अध्यक्ष बने हैं. उनका पदभार 01 नवंबर से प्रभावी है.**

वह एलायंस फॉर ऑटोमोटिव इनोवेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन बोजेला का स्थान लेंगे. शैलेश चंद्रा ने कहा, भारत से पहला ओआईसीए अध्यक्ष बनना सम्मान की बात है, जो संगठन के वैश्विक प्रतिनिधित्व को दर्शाता है. जैसे- जैसे वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग दुनिया भर की सरकारों के दृष्टिकोण के अनुरूप टिकाऊ गतिशीलता और नेट जीरो की ओर बढ़ रहा है,



ओआईसीए की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है. हम सामूहिक रूप से अपने वाहनों को अधिक आकांक्षी, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का प्रयास करते हैं. शैलेश चंद्रा टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, और साथ ही ईवी शाखा, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक भी हैं.

उन्होंने कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को देश में अग्रणी स्थान दिलाया. उन्हें मैन ऑफ द ईयर 2020 और ऑटोमोबाइल सीईओ ऑफ द ईयर (टॉपगियर) के रूप में सम्मानित किया गया है. ओआईसीए ने जर्मन वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन वीडीए की अध्यक्ष हिल्डेगार्ड मुलर को अपना उपाध्यक्ष चुना है. हेनरिक-हेन-यूनिवर्सिटी डसेलडोर्फ के व्यवसाय विभाग से स्नातक मुलर जर्मन चांसलर की पूर्व राज्य मंत्री और जर्मन ऊर्जा एवं जल उद्योग संघ की पूर्व अध्यक्ष हैं. वह 2020 से वीडीए का नेतृत्व कर रही हैं और जर्मन ऑटोमोटिव उद्योग को विद्युतीकरण, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और व्यापार परिवर्तनों की चुनौतियों से उबार रही हैं.

# सेविंग अकाउंट से पैसा भी सुरक्षित, ब्याज भी ज्यादा




**नई दिल्ली, नवबंर. अगर आप अपने सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले महज 2.5प्रतिशत ब्याज से खुश हैं, तो ये खबर आपके लिए चौंकाने वाली है. दरअसल, सिर्फ एक साधारण सुविधा ऑटो स्वीप सर्विस आपके बैंक खाते में जुड़ जाए, तो वही जमा रकम आपको तीन गुना तक ब्याज दिला सकती है - ठीक वैसे ही जैसे किसी फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलता है.**

अधिकतर ग्राहक बैंक खाता खुलवाते समय इस सेवा के बारे में पूछते ही नहीं, जबकि लगभग हर बड़ा बैंक यह सुविधा देता है. आपको बस अपने बैंक जाकर कहना है — मेरे खाते में ऑटो स्वीप सुविधा एक्टिव कर दीजिए. इसके बाद आपका अतिरिक्त बैलेंस खुद-ब-खुद में परिवर्तित हो जाएगा और उस पर 7प्रतिशत तक ब्याज मिलने लगेगा. इस सुविधा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पैसा में बदलने के बावजूद जब चाहें निकाल सकते हैं, यानी न कोई लॉक-इन पीरियड, न मैच्योरिटी की प्रतीक्षा. यह सेवा न केवल ज्यादा ब्याज देती है, बल्कि आपकी बचत को अपने आप बढ़ाने में मददगार बनती है. भारत में करोड़ों बैंक ग्राहकों को अपने सेविंग अकाउंट पर औसतन 2.5 प्रतिशत से 3प्रतिशत तक ब्याज मिलता है. दूसरी ओर, बैंक अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं पर 7-8 प्रतिशत तक का ब्याज देते हैं. ऐसे में, ऑटो स्वीप सर्विस एक ऐसा स्मार्ट विकल्प बनकर उभरा है, जो दोनों का संतुलन साधता है — यानी सेविंग अकाउंट की लिक्विडिटी के साथ एफडी का ब्याज लाभ. जब आपके सेविंग अकाउंट में निर्धारित लिमिट (जैसे 30,000 या 50,000) से ज्यादा राशि जमा होती है, तो यह अतिरिक्त पैसा अपने आप में कन्वर्ट हो जाता है.

## भारत लीड, जिंक और चांदी उत्पादन में अग्रणी

**नई दिल्ली, 10 नवबंर.** आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल), वेदांता ग्रुप की प्रमुख सब्सिडियरी को श्री सत्यसाई जिले के बलेपाल्यम गांव में स्थित 308 हेक्टेयर क्षेत्र के टंगस्टन और संबद्ध खनिज ब्लॉक के लिए कॉम्पोजिट लाइसेंस प्रदान किया. यह कदम कंपनी को अन्वेषण कार्य शुरू करने की अनुमति देता है, बशर्ते कि एचजेडएल संबंधित भूमि मालिकों और विभागों से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करे. एचजेडएल भारत में लीड, जिंक, चांदी और अन्य धातुओं के उत्पादन में अग्रणी है और हाल ही में इसे लगातार तीसरे वर्ष वैश्विक स्तर पर सस्टेनेबिलिटी के ग्लोबल लीडर के रूप में मान्यता मिली है.

# अकासा एयर इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू करेगी

**दिल्ली से रोजाना 24 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है अकासा एयर**

**एयरलाइन की वर्तमान फ्लीट में 30 विमान शामिल**




**सिंगापुर, 10 नवबंर. भारतीय एयरलाइन कंपनी अकासा एयर जल्द ही राजधानी दिल्ली से इंटरनेशनल फ्लाइट सर्विस शुरू करने जा रही है. एयरलाइन को उम्मीद है कि बोइंग से जहाजों की डिलीवरी में तेजी आएगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय विस्तार को गति मिलेगी.**

अकासा एयर ने अगस्त 2022 में अपनी सेवाएं शुरू की थीं और वर्तमान में इसके पास 30 एयरक्राफ्ट्स का फ्लीट है. अकासा एयर के को-फाउंडर और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने बताया कि दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स जल्द ही शुरू होंगी. कंपनी वर्तमान में दोहा, जेद्दा, रियाद, अबू धाबी, कुवैत सिटी और फुकेत के लिए इंटरनेशनल सेवाएं देती है और अब सिंगापुर, इंडोनेशिया, वियतनाम और ताशकंद जैसे नए डेस्टिनेशन पर विचार कर रही है. एयरलाइन ने कुल 226 बोइंग 737 मैक्स जहाजों का ठेका लिया है, लेकिन उत्पादन में देरी के कारण अब तक पूरी डिलीवरी नहीं हो सकी. सीईओ विनय दुबे ने कहा कि हाल ही में जहाजों की डिलीवरी में सुधार हुआ है और एयरलाइन अफ्रीका के तटों तक सेवाएं बढ़ाने पर भी विचार कर रही है. इसके अंतर्गत मॉरीशस, केन्या, इथियोपिया और मिस्र जैसे डेस्टिनेशन शामिल हैं.

# वित्त क्षेत्र में डिजिटलीकरण कर रहा बड़ा परिवर्तन : दवे

**मुंबई , 10 नवंबर (वार्ता) यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (यूटीआई) के पूर्व अध्यक्ष और मुंबई स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एण्ड पब्लिक पॉलिसी ( एमएसईपीपी ) के पूर्व छात्र डॉ. एस. ए. दवे ने सोमवार को कहा कि वित्त क्षेत्र में डिजिटलीकरण बड़ा परिवर्तन और सुविधा उत्पन्न कर रहा है और इस परिवर्तन को जिम्मेदारी से निर्देशित करने के लिए शिक्षा और उद्योग जगत तथा नीति निर्माताओं के बीच सहयोग जरूरी है।**

उन्होंने कहा, % यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा कि डिजिटल वित्त भारत की आर्थिक प्रगति में प्रभावी योगदान दे।% श्री दवे यहां वित्तीय समावेशन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

श्री दवे ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) और एमएसईपीपी , मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा, % वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और समावेशन बढ़ाने की दिशा में डिजिटलीकरण से एक बुनियादी बदलाव आ रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकियों के समावेश से वित्तीय सेवाओं का अधिकाधिक लोगों तक विस्तार हो रहा है1

उन्होंने कहा कि फिनटेक ( डिजिटल वित्तीय प्रौद्योगिकी) व्यक्तियों, विशेषकर हाशिये पर रहने वालों और उद्यमों को कर्ज देने वाली वित्तीय संस्थाओं के साथ अधिक सार्थक रूप से जुड़ने के लिए सशक्त बना रही हैं।उन्होंने कहा, जैसे-जैसे तकनीक वित्तीय मध्यस्थता को नया रूप दे रही है, नीतिगत ध्यान यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए कि नवाचार विश्वास मज़बूत करने, बाजार को स्थिर बनाये रखना और देश की विकास प्रक्रिया में भागीदारी को व्यापक बनाने जैसे विकास के उद्देश्यों की पूर्ति करे।

# देश में सोने के दाम में आई तेजी

**एक दिन में 115 रुपये प्रति ग्राम की बढ़ोतरी**

**कीमतें साल भर में 57 प्रतिशत ऊपर**



**भोपाल, 10 नवंबर. मध्य प्रदेश में सोने के दाम एक बार फिर बढ़त पर हैं. सोमवार, 10 नवंबर 2025 को 24 कैरेट सोने का भाव 11,912 प्रति ग्राम और 22 कैरेट का भाव 11,345 प्रति ग्राम दर्ज किया गया.**

यह दरें रविवार की तुलना में क्रमश: 115 और 110 अधिक हैं. इस उछाल के साथ ही सोने की कीमतें पिछले साल की तुलना में 54.04 प्रतिशत बढ़ गई हैं. सोने ने इस साल 21 अक्तूबर 2025 को अपना उच्चतम स्तर 12,836 प्रति ग्राम छुआ था. वर्ष की शुरुआत से अब तक सोना 57 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है. बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की कमजोरी और निवेशकों के सेफ हेवन की ओर झुकाव के कारण सोने के दामों में यह तेजी आई है.

मध्य प्रदेश में सोमवार को सोने की कीमतों में फिर तेजी दर्ज की गई. 24 कैरेट सोना 11,912 प्रति ग्राम और 22 कैरेट सोना 11,345 प्रति ग्राम के भाव पर पहुंच गया. पिछले 24 घंटे में सोना 115 प्रति ग्राम और चांदी 110 प्रति ग्राम तक महंगी हुई है. इस बढ़त के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,19,120 और 22 कैरेट का 1,13,450 हो गया है.

## कृषि समस्याओं के समाधान के लिए स्टार्टअप्स को आमंत्रित

**केरल, 10 नवंबर** स्टार्टअप मिशन ने किसानों और कृषि उद्यमियों को स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में लाने के लिए नई पहल एग्रीनेक्स्ट शुरू की है. इस परियोजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है, जिससे किसान, एफपीओ और कृषि स्टार्टअप्स लाभान्वित हों. एग्रीनेक्स्ट केरल क्लाइमेट रिजिलिएंट एग्री वैल्यू चेन मॉर्डनाइजेशन प्रोजेक्ट (केरा) का हिस्सा है, जो कृषि विभाग की ओर से विश्व बैंक के समर्थन से संचालित किया जा रहा

# आईपीओ को मिला 28 .26 गुना सब्सक्रिप्शन

**नई दिल्ली, 10 नवंबर . आईवियर कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरों की सोमवार को शेयर बाजार में कमजोर शुरुआत हुई. हालांकि शुरुआती गिरावट के बाद कंपनी के शेयरों ने संभलते हुए बढ़त दर्ज की और हल्की तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए.**

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी के शेयर 390 प्रति शेयर के भाव पर खुले, जो निर्गम मूल्य रुपए 402 से 2.98 प्रतिशत कम था. कारोबार के दौरान शेयरों में एक समय 11.52 प्रतिशत की गिरावट आई और ये 355.70 तक फिसल गए. हालांकि बाद में रिकवरी करते हुए रुपए 403.80 तक पहुंच गए, जो 0.44 प्रतिशत की बढ़त रही.

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयरों की शुरुआत ?395 प्रति शेयर पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 1.74 प्रतिशत कम थी. यहां भी शेयर 356.10 तक गिरे, लेकिन बाद में सुधार के साथ 404 प्रति शेयर पर पहुंच गए.

## वोडाफोन आइडिया को दूसरी तिमाही में नुकसान

**मुंबई, 10 नवंबर (वार्ता).** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5,524 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी के सोमवार को जारी वित्तीय परिणामों के अनुसार, तिमाही के दौरान परिचालन से प्राप्त कुल राजस्व 2 .4 प्रतिशत बढ़कर 11,194 .7 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बताया कि सितंबर 2025 तक उसका बैंक ऋण घटकर 15 .3 अरब डॉलर रह गया, जबकि उसके पास 30 .8 अरब डॉलर की नकदी और बैंक बैलेंस है। वोडाफोन आइडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिजीत किशोर ने बताया कि कंपनी ने अपने 4जी कवरेज को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया है और 17 सर्किलों में 5जी के रोलआउट का काम पूरा हो गया है।उन्होंने बताया कि कंपनी डेट के जरिये 500-550 अरब रुपये के पूंजी निवेश की अपनी योजना पर काम कर रही है।

## समाचार विशेष

# सावधान ! बटोगे तो पिटोगे

## मुंबई में मातोश्री के पास ठाकरे ब्रदर्स पर पोस्टर




**मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने नारा दिया था कि बंटोगे तो कटोगे. इतना ही ही पीएम मोदी ने स्लोगन दिया था कि एक हैं तो सेफ हैं. अब महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मुंबई में एक नया स्लोगन सामने आया है.**

मुंबई में उद्धव ठाकरे के निवास स्थान मातोश्री के पास लगाए गए बैनर पर लिखा गया है कि उत्तर भारतीय, बंटोगे तो पिटोगे. यह बैनर उत्तर भारतीय सेना का है, हालांकि अभी मुंबई में बीएमसी चुनावों का ऐलान नहीं हुआ है. इनके सबसे अंत में होने की उम्मीद है. गौरतलब हो कि ठाकरे ब्रदर्स स्थानीय निकाय चुनावों से पहले स्थानीय कार्ड खेल रहे हैं. मनसे ने पिछले दिनों हिंदी-मराठी विवाद को तूल दिया था.

मुंबई में उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के नजदीक लगा यह बैनर चर्चा में है. बैनर पर उत्तर भारतीय सेना लिखा है. इसके साथ ही इस संगठन की खोजबीन शुरू हो गई है. चर्चा है कि यह यह संगठन चुनावों में भी पार्टी के तौर पर उतरेगा. यह बैनर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निवास 'मातोश्री' परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगाया गया. कुल लोग इसे उत्तर भारतीय सेना का खुराफाती बैनर बता रहे हे हैं.

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को %बंटोगे तो कटोगे% नारे से फायदा हुआ था. मुंबई में उत्तर भारतीय सेना के बैनर में लिखा है कि महाराष्ट्र से बिहार तक, यूपी से राजस्थान तक. इस नई पार्टी का पूरा नाम उत्तर भारतीय विकास सेना बताया जा रहा है.

### बैनर में क्या कुछ लिखा

उत्तर भारतीय सेना ने अपने बैनर में लिखा है, उत्तर भारतीय, बटोंगे तो कटोगे. बैनर में सुनील शुक्ला की फोटो भी है. बैनर में कहीं न कहीं मनसे और शिवसेना पर कटक्ष करके लिखा गया है कि !! सावधान.. उत्तर भारतीय बटोगे.. तो पिटोगे. इस राजनीतिक बैनर के सामने आने के बाद उत्तर भारतीय को चिंता है कि कहीं मुंबई में स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा फिर से जोर न पकड़ ले क्योंकि उत्तर भारत से जाने वाले लोग काफी छोटे-मोटे काम करते हैं. ये मेहनकश खौफजदा हो गए हैं. ऐसा दावा किया जा रहा है कि उत्तर भारतीय सेना के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने मातोश्री के पास बैनर लगवाया है.

# बंगाल में जयराम महतो की एंट्री

## 2026 विधानसभा चुनाव में उतरने का ऐलान



**पुरुलिया. पश्चिम बंगाल की धरती पर पहली बार झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ( जेएलकेएम ) ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए विशाल जनसभा का आयोजन किया.**

पुरुलिया जिले के जयपुर थाना क्षेत्र स्थित फॉरेस्ट मोड़ के गोविंद महतो स्टेडियम में आयोजित इस जनसभा में झारखंड के विधायक और पार्टी के एकमात्र सांसद जयराम महतो मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. सभा स्थल पर हजारों की संख्या में पहुंचे समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया.

अपने संबोधन में जयराम महतो ने जंगलमहल क्षेत्र में विकास की कमी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में जेएलकेएम सक्रिय रूप से हिस्सा लेगी. पार्टी औद्योगिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी. महतो ने कहा कि जंगलमहल के लोगों में बृहद झारखंड की मांग इसलिए उठ रही है क्योंकि राज्य सरकार ने इस क्षेत्र की लगातार उपेक्षा की है.

### सीएनटी एक्ट लागू करने की मांग दोहरायी

जयराम महतो ने पश्चिम बंगाल में छोटानागपुर टेनेंसी (सीएनटी) एक्ट लागू करने की मांग दोहरायी. उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से आदिवासी और मूलवासी समुदायों को अपनी जमीन पर हक और सुरक्षा मिलेगी. झारखंड में यह कानून पहले से लागू है, बंगाल में भी इसे लागू किया जाना चाहिए ताकि जल, जंगल और जमीन की रक्षा हो सके, उन्होंने कहा. बिना नाम लिए जयराम महतो ने आजसू प्रमुख सुदेश महतो और स्थानीय नेता अजीत महतो पर कटाक्ष किया. उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज के नाम पर पूंजीपतियों से सौदे कर राजनीति कर रहे हैं, जबकि हम समाज के अधिकारों के लिए सच्चे अर्थों में संघर्ष कर रहे हैं. उन्होंने कहा, मैं देश का पहला विधायक हूं जिसने कुरमाली भाषा में शपथ ली. राजनीति आती-जाती रहती है, लेकिन समाज के हितों के लिए मेरी लड़ाई हमेशा जारी रहेगी.

# पूर्वोत्तर में नई राजनीति की शुरुआत

**नई दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में सरकार बनाने के बाद पूर्वोत्तर पर राजनीतिक रूप से बहुत ध्यान दिया. पूर्वोत्तर के लिए एनडीए का एक नया समूह बनाया गया, जिसका जिम्मा हिमंत बिस्वा सरमा को दिया गया. लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद नेडा अप्रभावी होता गया.**




पहले जहां भाजपा ने दो राज्यों को छोड़ कर सब जगह अपनी या सहयोगी पार्टियों की सरकार बना ली थी वहां सरकार भी और राजनीति भी उसके हाथ से निकल रही है. भाजपा की सहयोगी पार्टियां उसको छोड़ कर अपना अलग रास्ता बना रही हैं. पिछले दिनों नगालैंड में सत्तारूढ़ एनडीपीपी ने एनपीएफ के साथ विलय फैसला किया. नई पार्टी का नाम एनपीएफ होगा और इसके नेता मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो होंगे. 60 सदस्यों की विधानसभा में इस नई पार्टी के पास 34 विधायक हो गए हैं. यानी बहुमत के लिए उसे भाजपा के 12 विधायकों की जरुरत नहीं है. अब नया घटनाक्रम यह है कि मेघालय में सत्तारूढ़ एनपीपी के नेता कोनरेड संगमा ने त्रिपुरा में भाजपा की सहयोगी तपरा मोथा से हाथ मिला लिया है.

## विशेष — बिहार चुनाव में बसपा चीफ मायावती का बड़ा दांव

# शर्तों के साथ सीधे सत्ता से मिलाएंगे हाथ

**पटना. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन और रिजल्ट के बाद के सियासी पारे को लेकर सस्पेंस बढ़ा दिया है. भभुआ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह साफ कर दिया कि बसपा अकेले चुनाव क्यों लड़ रही है. मायावती ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अगर उनकी पार्टी को 'ठीक-ठाक' संख्या में विधायक मिलते हैं, तो वह 'शर्तों के आधार' पर सत्ता में शामिल होने से परहेज नहीं करेंगी, ताकि अपने लोगों का विकास किया जा सके.**

मायावती का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि बसपा इस बार बिहार के मैदान में अकेले उतरी है. 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में बसपा ने असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम



और उपेंद्र कुशवाहा की रालोसपा के साथ गठबंधन किया था. तब बसपा ने 80 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे सिर्फ एक सीट (कैमूर की चैनपुर) पर ही जीत मिली थी. हालांकि, उनके विधायक जमा खान बाद में जेडीयू में शामिल होकर नीतीश सरकार में मंत्री बन गए थे.

**कांग्रेस-बीजेपी दोनों 'दलित विरोधी'-** भभुआ के हवाई अड्डा मैदान से मायावती ने कांग्रेस और बीजेपी दोनों पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कांग्रेस को 'दलित विरोधी' बताते हुए कहा कि राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, लेकिन उनकी पार्टी की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न का सम्मान नहीं दिया. उन्होंने राहुल गांधी पर 2024 में विदेश में आरक्षण खत्म करने का ऐलान करने का भी आरोप लगाया.

बीजेपी पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा भी आरक्षण विरोधी है और संसद में प्रस्ताव लाने के बावजूद इसपर काम नहीं हुआ.

### 'बिहारी कर रहे पलायन, वोट बिखरने न दें'

मायावती ने आरोप लगाया कि पूंजीवादी सोच की सरकारों ने मेहनतकश लोगों का विकास नहीं किया, जिसके कारण बिहार के लोगों को पलायन करना पड़ रहा है और बाहर उनका शोषण हो रहा है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों, दलितों और आदिवासियों को आरक्षण का संवैधानिक लाभ नहीं दे रही है. मायावती ने अपने समर्थकों से अपील की कि दलित व शोषित वर्ग का वोट दूसरी पार्टियों को मिलने से उनके उम्मीदवार हार जाते हैं, इसलिए इस बार वोट बिखरने नहीं देना है.

उन्होंने कहा कि जातिवादी सरकारें आरक्षण को हटाने का काम कर रही हैं.